भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3006
दिनांक 06 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

खाद्य और पोषण सुरक्षा विश्लेषण

3006. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय खाद्य और पोषण सुरक्षा विश्लेषण, 2019 ने कुपोषण के मुद्दे के समाधान के लिए सिफारिशें की हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी — महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) और (ख : भारतीय खाद्य और पोषण सुरक्षा विश्लेषण, 2019 पर रिपोर्ट का प्रकाशन सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपी) और संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व खाद्य कार्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएफपी) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। इस रिपोर्ट में भारत में भोजन की उपलब्धता, पौष्टिक भोजन तक पहुंच और भोजन की आपूर्ति के उपयोग के तीन पहलुओं से आंकडों के विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है।

इस रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ-साथ कृषि विविधिकरण, खाद्य उत्पादकता की निरंतरता, खेती, विपणन को बढावा देने के लिए नीतिगत सहायता, और मक्का जैसे परम्परागत मोटे अनाज की मांग को पैदा करने, भंडारण क्षमता को सुधारने, सुरक्षा नैट कार्यक्रमों का सुदृढीकरण, बाल आहार प्रथाओं को सुधारने, आहार संपूरण कार्यक्रमों, माता और बाल देखभाल प्रथाओं, माताओं में खून की कमी को दूर करने को प्राथमिकता देने, दुर्बलता की व्याप्तता में होने वाली वृद्धि का समाधान करने पर ध्यान देने, पेयजल, स्वच्छता और साफ-सफाई प्रथाओं में सुधार, लैंगिक मुद्दों, भोजन उपभोग स्वरूप और व्यवहार, खाद्य और पोषण सुरक्षा के विभिन्न आधारों के लिए तकनीक का व्यापक रूप से उपयोग करने आदि की भी सिफारिश की गई है ।

******